Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- झुंझुनूं के जिला उधोग एवं वाणिज्य केन्द्र के नीरज कुमार स्टेनोग्राफर 2500/- रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार।

जयपुर, 17 मार्च 2026, मंगलवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **नीरज कुमार स्टेनोग्राफर** को **2500/- रुपये** रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने जिला उधोग विभाग में प्रधानमंत्री एम्पलाईमेंट जनरेशन प्रोग्राम योजना के तहत 5 लाख रुपये के ऋण के लिए आवेदन किया था। जिला उधोग एवं वाणिज्य केन्द्र के नीरज कुमार स्टेनोग्राफर ऋण अप्रूवल करने की एवज में 2500/- रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। प्राप्त शिकायत पर दिनांक 16.03.2026 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया तो नीरज कुमार स्टेनोग्राफर द्वारा 2500/- रुपये रिश्वत की मांग करना पाया गया।

ए.सी.बी. जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कयाल** के निर्देशानुसार ए.सी.बी. झुंझुनूं के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार पूनियाँ** के सुपरविजन में **पुलिस निरीक्षक श्री सुरेश चन्द** के द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही का आयोजन कर आरोपी नीरज कुमार स्टेनोग्राफर को परिवादी से 2500/- रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।